भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3069
उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2020
22 फाल्गुन, 1941 (शक)

इंडिया स्पोर्ट्स समिट-फिटनेस: 10 बिलियन डॉलर अपॉरच्युनिटी

3069. श्री कुरुवा गोरांतला माधव:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या इंडिया स्पोर्ट्स समिट-फिटनेस: 10 बिलियन डॉलर अपॉरच्युनिटी एक सफल पहल थी;

(ख) यदि हां, तो इसके माध्यम से प्राप्त किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस पहल के अंतर्गत आबंटित तथा उपयोग की गई निधियों की मात्रा/ राशि कितनी है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : इंडिया स्पोर्ट्स समिट, कनफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा अन्य संगठनों की भागीदारी से आयोजित किया गया एक वार्षिक कार्यक्रम है । वर्ष 2019 के लिए समिट की थीम 'फिटनेस-10 बिलियन डॉलर अपॉरच्युनिटी' थी और इसका आयोजन 10 अक्तूबर, 2019 को किया गया था । इस समिट का आयोजन सरकार द्वारा नहीं किया गया और सरकार द्वारा इसके आयोजन के लिए कोई निधि आवंटित नहीं की गई ।

****